

प्रोफेसर लक्ष्मीश्वर झा श्री लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ के पूर्व कुलपति, प्रोफेसर, संकायाध्यक्ष तथा संकाय-प्रमुख आदि पदों पर आसीन रहे। साथ ही वे तीस वर्ष से भी अधिक की अवधि में विभिन्न संस्कृत संस्थानों से जुड़कर पारम्परिक संस्कृत शिक्षण में संलग्न रहे। उन्होंने 1969 में कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं 1972 में वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से साहित्याचार्य की उपाधि प्राप्त की।

अपने सेवाकाल में मार्च 1996-2013 तक वे श्री लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ में प्रोफेसर, संकायाध्यक्ष तथा संकायप्रमुख पदों पर विद्यमान थे। उन्होंने 1 जुलाई 2012-28 नवम्बर 2012 तक विद्यापीठ में कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण किया।

वे प्रशासनिक कार्यों में अत्यन्त दक्ष हैं तथा उन्होंने वैदिक साहित्य एवं संस्कृत शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी है। छात्रों के प्रवेश, अनेकानेक शैक्षणिक और प्रशासनिक विषयों की व्यवस्था करना, विभिन्न सम्मेलन, सभा, संगोष्ठियों आदि की व्यवस्था इत्यादि का आपको विशिष्ट अनुभव है। उन्होंने अपने व्यापक शिक्षाक्षेत्र में व्याकरण, काव्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, षड्दर्शन, संस्कृति, कला और सौन्दर्यशास्त्र, राजनीति एवं प्रबन्धन, वैदिक-विज्ञान, लोकविद्या, धर्मशिक्षा और महामना मालवीय को भी शामिल किया है।

उनकी विशिष्ट उत्कृष्टता के लिये उन्हें राष्ट्रपति सम्मान-प्रमाण पत्र ( 2015-16 ), सायण पुरस्कार ( 2016-17 ) महामहोपाध्याय ( 2006 ), विद्वान् शास्त्र-शिरोमणि ( तिरुपति - 2008 ) इत्यादि कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने पन्द्रह से अधिक ग्रन्थों का लेखन एवं सम्पादन किया है। साथ ही भारत तथा विदेशों में आयोजित कई संगोष्ठियों, सेमिनार आदि में शोधपत्र प्रस्तुत किये हैं।


इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS

**वेबसाईट : www.ignca.gov.in, फेसबुक : @IGNCA**
**ट्विटर : @igncakd, इन्स्टाग्राम : @ignca_delhi**
**ईमेल : bhaviprayojana@gmail.com**
**सम्पर्क : 011 - 23388063**


नजदीकी मेट्रो स्टेशन : केन्द्रीय सचिवालय गेट नं. 2, जनपथ गेट नं. 1 तथा 4

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
INDIRA GANDHI NATIONAL CENTRE FOR THE ARTS

# इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

## भारत विद्या प्रयोजना के अन्तर्गत
## आयोजित वेद विषयक

# चतुर्दिवसीय व्याख्यानमाला

में आप सादर आमन्त्रित हैं।

**वक्ता : प्रो. लक्ष्मीश्वर झा**

पूर्व कुलपति, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

**अध्यक्ष : प्रो. भरत गुप्त**

न्यासी, इ.गाँ.रा.क.केन्द्र न्यास, नई दिल्ली

**वेदों का तात्त्विक स्वरूप**
प्रथम व्याख्यान ( 25.10.2018, 03:00 अपराह्ण )

**सृष्टिकर्त्ता वेद भगवान् तथा यज्ञ**
द्वितीय व्याख्यान ( 26.10.2018, 03:00 अपराह्ण )

**यज्ञ का स्वरूपः परिभाषा, उदाहरण एवं सृष्टि सोपान**
तृतीय व्याख्यान ( 29.10.2018, 03:00 अपराह्ण )

**मुक्ति का मार्ग : यज्ञ**
चतुर्थ व्याख्यान ( 30.10.2018, 03:00 अपराह्ण )

**:: स्थान ::**

व्याख्यान कक्ष, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
11 मानसिंह रोड, नई दिल्ली